# MCOM–03

## December – Examination 2021

# M.Com. (Previous) Examination

## Financial and Company Accountancy

## Paper : MCOM-03

*Time : 1½ Hours* ] [ *Maximum Marks : 70*

***Note*** :– The question paper is divided into two Sections A and B. Write answers as per the given instructions.

**निर्देश** :– यह प्रश्न–पत्र 'अ' और 'ब' दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**Section–A** **4×3½=14**

**(Very Short Answer Type Questions)**

***Note*** :– Answer any *four* questions. As per the nature of the question delimit your answer in one word, one sentence or maximum up to **30** words. Each question carries 3½ marks.



**खण्ड—अ**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश** :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 3½ अंकों का है।

1. (i) Explain Accounting Cycle.

   लेखांकन चक्र को समझाइए।

   (ii) Give the requirement of Schedule III of the Companies Act, 2013 as regards disclosure of fixed assets in the Balance Sheet.

   चिट्ठे में स्थायी सम्पत्तियों को दिखाने के संबंध में कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III की आवश्यकताएँ बताइए।

   (iii) Ajit Limited redeems 40000, 9% preference shares of ₹ 100 each, at par out of general reserve. Give the accounting entries.

   अजीत लिमिटेड अपने ₹ 100 वाले 40000, 9% अधिमान अंशों का सम–मूल्य पर शोधन, सामान्य संचय में से करती है, आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

(iv) What is 'Capitalisation of Profits' ?

'लाभों का पूँजीकरण' क्या है ?

(v) What is meant by 'Government Accounting' ? Write *two* features of government accounting.

'राजकीय लेखांकन' से क्या तात्पर्य है ? राजकीय लेखांकन की **दो** विशेषताएँ बताइए।

(vi) Define 'Social Accounting'. What is the main objective of social accounting ?

'सामाजिक लेखांकन' को परिभाषित कीजिए। सामाजिक लेखांकन का मुख्य उद्देश्य बताइए।

(vii) What do you mean by 'Spread Sheet Package' ?

'स्प्रेड शीट पैकेज' से आप क्या समझते हैं ?

(viii) Explain the process of Environmental Accounting in brief.

पर्यावरण लेखांकन की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए।

**Section–B** **4×14=56**

**(Short Answer Type Questions)**

***Note*** :– Answer any *four* questions. Each answer should not exceed **200** words. Each question carries 14 marks.



**खण्ड—ब**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश** :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

2. Write short notes on the following (any *two*) :

   (a) Accounting Concepts

   (b) Accounting Conventions

   (c) Parties interested in the Financial Statements

   (d) Scope of Accounting

   निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई **दो**) :

   (अ) लेखांकन की अवधारणाएँ

   (ब) लेखांकन परम्पराएँ

   (स) वित्तीय विवरणों में रुचि रखने वाले पक्षकार

   (द) लेखांकन का क्षेत्र

3. Ashok Ltd. issued a prospectus inviting applications for 8,000 equity shares of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 per share; payable as ₹ 30 on application, ₹ 45 (including premium) on allotment, ₹ 25 on first call and the balance on second and final call.

Applications were received for 12,000 shares. Allotment was made pro-rata to the applicants for 9,600 shares, the remaining applications being refused. Money overpaid on application was adjusted with allotment.

Ram to whom 160 shares were allotted, failed to paid allotment and first call. His shares were forfeited. Shyam the holder of 240 shares failed to pay the two calls and his shares were also forfeited.

Of the shares forfeited, 320 shares were re-issued to Aman as fully paid for ₹ 90 per share (which includes all shares of Ram).

Show journal and cash book entries in the books of Ashok Limited.

अशोक लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 8,000 समता अंशों के लिए आवेदन पत्र माँगने हेतु प्रविवरण निर्गमित किया जो ₹ 20 प्रति अंश प्रीमियम पर निम्न प्रकार देय थे :

आवेदन पर ₹ 30, आबंटन पर (प्रीमियम सहित) ₹ 45, प्रथम माँग पर ₹ 25 तथा शेष द्वितीय एवं अंतिम मांग पर।



आवेदन पत्र 12,000 अंशों के प्राप्त हुए। 9,600 अंशों के आवेदन पत्रों का आबंटन यथानुपात कर दिया गया तथा शेष आवेदन पत्रों को अस्वीकृत किया गया। आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त धनराशि को आबंटन के साथ समायोजित किया गया।

राम जिसे 160 अंश आबंटित किये गये थे, आबंटन तथा प्रथम माँग का भुगतान करने में असमर्थ रहा, फलतः उसके अंशों का हरण कर लिया गया। श्याम, जो 240 अंशों का धारक था, ने दोनों माँग राशियों का भुगतान नहीं किया अतः उसके अंशों का भी हरण कर लिया गया।

हरण किये गये अंशों में से 320 अंश अमन को पूर्णदत्त अंश के रूप में ₹ 90 प्रति अंश के हिसाब से बेचे गये, जिसमें राम के सभी अंश सम्मिलित थे।

अशोक लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल तथा रोकड़ बही प्रविष्टियाँ दीजिए।

4. What are different methods of redemption of Debentures ? Describe their characteristics.

   ऋणपत्रों के शोधन की विभिन्न रीतियाँ क्या हैं ? उनकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

5. What do you mean by Managerial Remuneration ? Discuss the provisions of the Companies Act regarding managerial remuneration.

प्रबंधकीय पारिश्रमिक से आप क्या समझते हैं ? प्रबंधकीय पारिश्रमिक के संबंध में कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए।

6. Explain the terms in Banking Company Account :

   (a) Non-performing Assets

   (b) Branch Adjustment

   (c) Unexpired Discount

   (d) Bills discounted and purchased

   बैंकिंग कम्पनी के लेखों में निम्नलिखित को समझाइए :

   (अ) गैर-निष्पादित सम्पत्तियाँ

   (ब) शाखा समायोजन

   (स) असमाप्त बट्टा

   (द) भुनाये गये तथा क्रय किये गये बिल

7. Prepare the following in proper form, giving imaginary figures, in the books of a general insurance company :

   (a) Revenue Account

   (b) Statement of Profit and Loss



एक सामान्य बीमा का व्यवसाय करने वाली कम्पनी की पुस्तकों में काल्पनिक आँकड़े देते हुए उचित आकार में निम्नलिखित को तैयार कीजिए :

   (अ) रेवेन्यू खाता

   (ब) लाभ-हानि विवरण

8. What do you mean by 'Amalgamation of Companies' ? How purchase consideration is determined for these ?

   'कम्पनियों के एकीकरण' से आप क्या समझते हैं ? इसके अन्तर्गत क्रय-प्रतिफल की गणना किस प्रकार की जाती है ?

9. What is Value Added ? Explain the different methods of computing value added.

   मूल्यवर्धन क्या है ? मूल्यवर्धन की गणना करने की विभिन्न विधियों को समझाइए।